# सोलर सिस्टम के लिए सात प्रतिशत ब्याज पर लोन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए विकास भवन में कार्यशाला हुई। इसमें योजना के तहत वर्ष 2024-25 में लखनऊ में डेढ़ लाख घरों में सोलर रूफटॉप लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद पूर्वी विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव ने बताया कि तीन किलोवाट के सोलर सिस्टम की अनुमानित लागत लगभग एक लाख 80 हजार रुपये है। इसमें केंद्र व राज्य सरकार की ओर से एक लाख आठ हजार रुपये अनुदान दिया जाता है। बैंकों की ओर से सात प्रतिशत ब्याज पर लोन भी दिया जा रहा है।

मुख्य परियोजना अधिकारी यूपीनेडा पंकज सिंह ने सोलर सिस्टम की स्थापना व अनुदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर वसुधा फाउंडेशन बंगलुरू के प्रतिनिधि जयदीप सारस्वत एवं निखिल मल्ल ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया।